Subject:	Hindi Language and Literature / हिंदी भाषा और साहित्य
Set Name:	V2_SET3
Code:	102
Exam Date:	18-04-2026
SLOT:	1

Question ID	263489
Question Type	MCQ
Passage	**निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर अगले चार प्रश्नों के उत्तर दें।** कालिदास उसी डाली को काट रहे थे, जिस डाली पर वह बैठे थे। विद्योत्तमा नामक विदुषी राजकन्या का मान भंग करने का षड्यंत्र कर रहे तथाकथित विद्वान वर्ग को कालिदास सर्वाधिक जड़मति और मूर्ख लगे। सो वे उन्हें ही कुछ लालच देकर, कुछ ऊटपटाँग सिखा-पढ़ा कर, महापंडित के वेश में सजा-धजा कर दरबार में विदुषी राजकन्या विद्योत्तमा से शास्त्रार्थ करने के लिए ले गए। उस मूर्ख के ऊटपटाँग मौन संकेतों की मनमानी व्याख्या कर षड्यंत्रकारियों ने उस विदुषी से विवाह करा ही दिया, लेकिन प्रथम रात्रि में ही वास्तविकता प्रकट हो जाने पर पत्नी के ताने से घायल होकर जब घर से निकले, कठिन परिश्रम और निरन्तर साधना-रूपी रस्सी के आने जाने से घिस-पिटकर महाकवि कालिदास बनकर घर लौटे। स्पष्ट है कि निरंतर अभ्यास ने तपाकर, उनकी जड़मति को पिघला कर बहा दिया और जो बाकी बचा, वह खरा सोना था।
Question	उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार शास्त्रार्थ के लिए कालिदास को कौन लेकर गया था? 1. विद्योत्तमा 2. राजा 3. विद्वान 4. षड़यंत्रकारी
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263492
Question Type	MCQ
Passage	**निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर अगले चार प्रश्नों के उत्तर दें।** कालिदास उसी डाली को काट रहे थे, जिस डाली पर वह बैठे थे। विद्योत्तमा नामक विदुषी राजकन्या का मान भंग करने का षड्यंत्र कर रहे तथाकथित विद्वान वर्ग को कालिदास सर्वाधिक जड़मति और मूर्ख लगे। सो वे उन्हें ही कुछ लालच देकर, कुछ ऊटपटाँग सिखा-पढ़ा कर, महापंडित के वेश में सजा-धजा कर दरबार में विदुषी राजकन्या विद्योत्तमा से शास्त्रार्थ करने के लिए ले गए। उस मूर्ख के ऊटपटाँग मौन संकेतों की मनमानी व्याख्या कर षड्यंत्रकारियों ने उस विदुषी से विवाह करा ही दिया, लेकिन प्रथम रात्रि में ही वास्तविकता प्रकट हो जाने पर पत्नी के ताने से घायल होकर जब घर से निकले, कठिन परिश्रम और निरन्तर साधना-रूपी रस्सी के आने जाने से घिस-पिटकर महाकवि कालिदास बनकर घर लौटे। स्पष्ट है कि निरंतर अभ्यास ने तपाकर, उनकी जड़मति को पिघला कर बहा दिया और जो बाकी बचा, वह खरा सोना था।
Question	उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार निरन्तर साधना व परिश्रम से कालिदास क्या बन गए? 1. जड़मति 2. महापंडित 3. राजा 4. महाकवि
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263495

Question Type	MCQ
Passage	**निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर अगले चार प्रश्नों के उत्तर दें।** कालिदास उसी डाली को काट रहे थे, जिस डाली पर वह बैठे थे। विद्योत्तमा नामक विदुषी राजकन्या का मान भंग करने का षड्यंत्र कर रहे तथाकथित विद्वान वर्ग को कालिदास सर्वाधिक जड़मति और मूर्ख लगे। सो वे उन्हें ही कुछ लालच देकर, कुछ ऊटपटाँग सिखा-पढ़ा कर, महापंडित के वेश में सजा-धजा कर दरबार में विदुषी राजकन्या विद्योत्तमा से शास्त्रार्थ करने के लिए ले गए। उस मूर्ख के ऊटपटाँग मौन संकेतों की मनमानी व्याख्या कर षड्यंत्रकारियों ने उस विदुषी से विवाह करा ही दिया, लेकिन प्रथम रात्रि में ही वास्तविकता प्रकट हो जाने पर पत्नी के ताने से घायल होकर जब घर से निकले, कठिन परिश्रम और निरन्तर साधना-रूपी रस्सी के आने जाने से घिस-पिटकर महाकवि कालिदास बनकर घर लौटे। स्पष्ट है कि निरंतर अभ्यास ने तपाकर, उनकी जड़मति को पिघला कर बहा दिया और जो बाकी बचा, वह खरा सोना था।
Question	उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार विद्वानों को कालिदास अधिक जड़मति लगे क्योंकि वे - 1. मूर्खों के वेश में बैठे थे। 2. जिस डाली पर बैठे थे, उसे ही काट रहे थे। 3. गलत मंत्रों का जाप कर रहे थे। 4. विद्वानों ने कालिदास से शास्त्रार्थ किया था।
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263496
Question Type	MCQ
Passage	**निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर अगले चार प्रश्नों के उत्तर दें।** कालिदास उसी डाली को काट रहे थे, जिस डाली पर वह बैठे थे। विद्योत्तमा नामक विदुषी राजकन्या का मान भंग करने का षड्यंत्र कर रहे तथाकथित विद्वान वर्ग को कालिदास सर्वाधिक जड़मति और मूर्ख लगे। सो वे उन्हें ही कुछ लालच देकर, कुछ ऊटपटाँग सिखा-पढ़ा कर, महापंडित के वेश में सजा-धजा कर दरबार में विदुषी राजकन्या विद्योत्तमा से शास्त्रार्थ करने के लिए ले गए। उस मूर्ख के ऊटपटाँग मौन संकेतों की मनमानी व्याख्या कर षड्यंत्रकारियों ने उस विदुषी से विवाह करा ही दिया, लेकिन प्रथम रात्रि में ही वास्तविकता प्रकट हो जाने पर पत्नी के ताने से घायल होकर जब घर से निकले, कठिन परिश्रम और निरन्तर साधना-रूपी रस्सी के आने जाने से घिस-पिटकर महाकवि कालिदास बनकर घर लौटे। स्पष्ट है कि निरंतर अभ्यास ने तपाकर, उनकी जड़मति को पिघला कर बहा दिया और जो बाकी बचा, वह खरा सोना था।
Question	उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार कालिदास का घर से निकलने का मुख्य कारण क्या था? 1. विद्वानों की सलाह 2. राजा का आदेश 3. अपनी इच्छा 4. पत्नी के ताने
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263499
Question Type	MCQ
Question	'जिसकी उत्पत्ति स्वभावगत न हो' , कहलाता है- 1. कृत्रिम 2. कुसंगी 3. कृतार्थ 4. कृतज्ञ
Options	

A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263500
Question Type	MCQ
Question	इनमें से तत्सम शब्द का चयन करें- A. अँगूठी B. ईर्ष्या C. ओष्ठ D. कपूर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें : 1. केवल (A) और (B) 2. केवल (B) और (D) 3. केवल (B) और (C) 4. केवल (C) और (D)
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263501
Question Type	MCQ
Question	निम्नलिखित में कौन-सा शब्दालंकार नहीं है? 1. वक्रोक्ति 2. अनुप्रास 3. श्लेष 4. उपमा
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263502
Question Type	MCQ
Question	रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे, मोती मानुस चून।। इन पंक्तियों में कौन-सा छन्द है? 1. सवैया 2. दोहा 3. चौपाई 4. रोला
Options	
A	1
B	2
C	3

D	4

Question ID	263503
Question Type	MCQ
Question	'श्रृंगार रस' का स्थायीभाव होता है- 1. उत्साह 2. रति 3. जुगुप्सा 4. हास्य
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263504
Question Type	MCQ
Question	'आँखे बिछाना' मुहावरे का सही अर्थ है- 1. आदर-सत्कार करना 2. झिड़की देना 3. प्रतीक्षा करना 4. प्रेम होना
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263506
Question Type	MCQ
Question	'सृष्टि' का विलोम शब्द है- 1. वृष्टि 2. सृजन 3. मरण 4. प्रलय
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263507
Question Type	MCQ
Question	सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए -

सूची -I	सूची -II
भाषा	**रचनाकार**
(A). आंचलिक भाषा	(I). विद्यापति
(B). ब्रजभाषा	(II). फणीश्वर नाथ रेणु
(C). मैथिली	(III). जायसी
(D). अवधी भाषा	(IV). केशवदास

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

1. (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
2. (A) - (II), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (III)
3. (A) - (III), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (II)
4. (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263509
Question Type	MCQ

Question

सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए -

सूची -I	सूची -II
रचनाकार	**रचना**
(A). रामधारी सिंह 'दिनकर'	(I). अंधायुग
(B). हरिवंशराय बच्चन	(II). लोकायतन
(C). सुमित्रानन्दन पंत	(III). कुरुक्षेत्र
(D). धर्मवीर भारती	(IV). एकांत संगीत

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

1. (A) - (I), (B) - (IV), (C) - (III), (D) - (II)
2. (A) - (IV), (B) - (II), (C) - (I), (D) - (III)
3. (A) - (III), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (I)
4. (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (I)

Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263510
Question Type	MCQ

Question

निम्नलिखित में कौन-सा 'जमुना' का पर्यायवाची है?

A. सूर्यतनया

B. विष्णुपदी

C. रविनंदिनी

D. कल्याणी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

1. केवल (A)
2. केवल (C)
3. केवल (B)
4. केवल (D)

Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263511
Question Type	MCQ
Question	उच्चारण स्थान के आधार पर 'ज' वर्ण है - 1. तालव्य 2. मूर्द्धन्य 3. दन्त्य 4. कंठ्य
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263513
Question Type	MCQ
Question	अव्ययीभाव समास में कौन-सा पद प्रधान होता है? 1. उत्तर-पद 2. पूर्व-पद 3. मध्य-पद 4. अन्य-पद
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263514
Question Type	MCQ
Question	'वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।' इस वाक्य में कौन-सा कारक है? 1. सम्प्रदान 2. अपादान 3. करण 4. अधिकरण
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263515
Question Type	MCQ
Question	विभक्ति के आधार पर निम्नलिखित कारकों का सही क्रम क्या होगा? (A). सम्प्रदान (B). करण (C). कर्त्ता (D). कर्म नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें : 1. (B), (A), (C), (D) 2. (A), (B), (D), (C) 3. (C), (D), (B), (A) 4. [illegible]

	4. (C), (D), (A), (B)
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263516
Question Type	MCQ
Question	निम्नलिखित में से कौन-सा 'प्र' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है? 1. प्रदर्शन 2. प्रकृति 3. प्रत्येक 4. प्रतिष्ठा
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263517
Question Type	MCQ
Question	'अ' उपसर्ग युक्त शब्द नहीं है - 1. अथाह 2. अनपढ़ 3. अछूता 4. अटल
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263520
Question Type	MCQ
Question	'रामचरितमानस' के निम्नलिखित काण्डों को सही अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए - (A). अरण्यकाण्ड (B). बालकाण्ड (C). अयोध्याकाण्ड (D). किष्किंधाकाण्ड नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें : 1. (A), (B), (C), (D) 2. (D), (A), (B), (C) 3. (A), (D), (B), (C) 4. (B), (C), (A), (D)
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263523
Question Type	MCQ
Question	'श्रावण' किस संधि का उदाहरण है? 1. यण संधि 2. अयादि संधि 3. गुण संधि 4. दीर्घ संधि
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4

Question ID	263526
Question Type	MCQ
Question	"पर्यावरण" का सही संधि-विच्छेद क्या होगा? 1. पर + आवरण 2. पर्य + वरण 3. पर्या + अरण 4. परि + आवरण
Options	
A	1
B	2
C	3
D	4